हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 जून 2026






## खबर संक्षेप

### शराब भट्ठी के पास झपटमारी, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पुरानी शराब भट्ठी के पास प्रार्थी से आरोपियों ने उसका पर्स छीन लिया था। जिसमें नगदी रकम सहित वाहन के कागजात थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 31 मई को प्रार्थी महेश साहू निवासी ग्राम परसाटोला ने थाना लालबाग में रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि लगभग 9 बजे पुरानी शराब भट्ठी के पास आरोपी ने उसका पर्स छीन लिया। पर्स में 800 रुपए नगद एवं वाहन की आरसी बुक रखा हुआ था। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा 304(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही रोहित मंडावी 27 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से लूटा गया पर्स, 800 रुपए नगद तथा वाहन का आरसी बुक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार न्यायलय में पेश किया गया।

### सुबह 8 बजे से शुरू हुआ मतदान, पहले दो घंटे में ही अधिकांश ने किया वोट

# पहली शहर सरकार चुनने घुमका में 95% मतदान, 4 को आएंगे परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घुमका नगर पंचायत में पहली दफा हो रहे निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के साथ ही मतदाताओं में भी काफी उत्साह देखने को मिला। सोमवार को हुई मतदान प्रक्रिया में वोटर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नौतपा के बीच तेज धूप के चलते सुबह से ही बूथों में मतदाताओं की कतार लग गई थी। जिसका असर रहा कि देर शाम तक सामने आए आंकड़ों के अनुसार यहां 95 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। अब आगामी चार जून को मतगणना की प्रक्रिया की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि घुमका नगर पंचायत बनने के बाद यह पहला चुनाव था। यही कारण था कि राजनीतिक दलों ने भी अपने प्रत्याशियों के लिए जमकर प्रचार किया। पिछले करीबन दो सप्ताह से जारी चुनावी शोरगुल के बाद सोमवार को मतदान के दिन भी घुमका में जमकर चुनावी रौनक देखने को मिली। पुलिस-प्रशासन की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 8 बजे से ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। महज 32 सौ वोटर्स वाले इस नगर पंचायत में दोपहर 12 बजे से पहले ही आधे से अधिक मतदाता बूथों तक पहुंच चुके थे। ज्ञात हो कि सीमित मतदाता संख्या होने के चलते हर एक मतदाता को बूथ तक लाने के लिए दोनों दल मेहनत करते दिखे।



**चार जून को मतगणना:** सोमवार को मतदान की प्रक्रिया बाद ईवीएम को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रख दिया गया है। वहीं आगामी चार जून को अब मतों की गणना की जाएगी। ज्ञात हो कि यहां अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए एक ईवीएम में मतदान कराया गया।

### हर वार्ड के लिए एक बूथ

ज्ञात हो कि नगर पंचायत घुमका के लिए 15 मतदान केन्द्र बनाए गए थे, यानी हर वार्ड में एक मतदान केंद्र, इनमें एक अध्यक्ष एवं 15 पार्षद पद के निर्वाचन के लिए मतदान की प्रक्रिया कराई गई। नगर पंचायत घुमका अंतर्गत कुल 3209 मतदाता, जिसमें पुरूष 1579 व महिला 1630 मतदाता हैं। इनमें अंतिम समय तक लगभग 95 फीसदी यानी 3050 मतदाताओं ने मतदान किया है। मतदान केंद्रों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता रही।

### दिग्गजों ने संभाला बूथ

घुमका नगर पंचायत चुनाव के ऐलान बाद से ही फिल्ड पर जुटी भाजपा मतदान के दिन भी काफी सक्रिय नजर आई। हालत यह थे कि मतदान के दिन हर एक बूथ की जिम्मेदारी दिग्गज नेता संभालते दिखे। पूर्व विधायक और जिला स्तर के नेताओं के बूथ पर डेरा डालने के चलते स्थानीय कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखने को मिला। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस से भी जिले के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा घुमका में देखने को मिला।

### युवा, बुजुर्ग और महिलाओं में दिखा उत्साह

घुमका नगर पंचायत में सुबह 8 बजे से शुरू हुई मतदान की प्रक्रिया में शुरूआत से ही वोटर्स में उत्साह देखने को मिला। खासकर पहली दफा वोट डालने पहुंचे युवा मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला।इसके अलावा बुजुर्ग मतदाता और महिला मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने कतार लगाकर वोट डालते नजर आए।

### देर शाम तक चली मतगणना

## मचानपार में द्वारका ककरेल में नरेंद्र आगे

**राजनांदगांव।** त्रि-स्तरीय पंचायत के उपचुनाव के तहत जिले में एक जनपद सदस्य, एक सरपंच सहित दो पंच पदों के लिए सोमवार को मतदान कराया गया। इनमें जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र क्रमांक 5 मचानपार, ककरेल सरपंच सहित सोमनी एवं मनगटा के 1-1 पंच पद शामिल है। ककरेल सरपंच में जहां नरेंद्र भारती ने बढ़त बनाई वहीं जनपद सदस्य मचानपार के चुनाव में द्वारका टंडन को बढ़ी लीड मिली।



मचानपार जनपद सदस्य के लिए 4882 मतदाताओं के लिए कुल 11 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां कुल 69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। ऐसे ही जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत एक सरपंच और दो पंच के लिए निर्वाचन हुआ। यहां 1550 मतदाताओं के लिए पांच केंद्र बनाए गए थे। यहां अंतिम समय तक 92.97 फीसदी मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान किया गया। वहीं मतदान निपटने के बाद ही मतदान केन्द्र पर मतगणना की प्रक्रिया की गई।

## तालाब में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह एक 3 वर्षीय बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बच्ची की मौत के बाद क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

शहर के बसंतपुर वार्ड क्रमांक 46 स्थित डबरी तालाब में आज सुबह लगभग 8.30 बजे के करीब 3 वर्षीय साहिमा की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बच्ची का घर तालाब के समीप ही है। बताया जा रहा है कि बच्ची खेलते-खेलते तालाब तक पहुंची थी। इस दौरान वह पानी में चली गई। इधर परिजन बच्ची की तलाश कर रहे थे, तब उसे तालाब से बरामद किया गया। इसके बाद बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम पश्चात बच्ची का शव परिजनों को सौंपा है।

### शीघ्र मुआवजा देने मांग

इधर तालाब में डूबने से बच्ची की मौत की खबर मिलते ही आसपास क्षेत्र में मातम पसर गया गया। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि बच्ची के पिता शेख पीरू रोजी मजदूरी करते हैं और उनकी एक लगभग 5 वर्षीय बेटी भी है।

उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, इन्हें तत्काल उचित मुआवजा राशि देकर मामले की जांच की जाए।




## अवैध तरीके से स्टेशन में व्यापार करने वाले 3 वेंडरों के खिलाफ एक्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंडल सुरक्षा आयुक्त नागपुर के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनांदगांव की प्रभारी निरीक्षक तरूणा साहू के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन परिसर एवं इसके परिक्षेत्र में अवैध वेंडिंग एवं बाहरी वेंडरों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं स्टाफ को ड्यूटी माउंटिंग एवं डिस्काउंटिंग के दौरान नियमित रूप से निर्देशित किया जाता है कि स्टेशन परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध वेंडिंग अथवा बाहरी वेंडरों की गतिविधि न होने दी जाए। इसके लिए निरंतर चेकिंग, निगरानी एवं विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। रेलवे सुरक्षा बल राजनांदगांव द्वारा स्टेशन परिसर में विधि-सम्मत व्यवस्था बनाए रखने एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सतत एवं प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

### लगातार हो रहा एक्शन

मिली जानकारी के अनुसार एक जून को रेलवे एक्ट धारा 144 के तहत 03 प्रकरण तैयार किया गया। इसके पूर्व माह जनवरी 2026 से वर्तमान समय तक अवैध वेंडिंग के विरुद्ध कार्रवाई करते रेलवे एक्ट की धारा 144 के अंतर्गत कुल 123 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। वहीं वर्ष 2025 में इस संबंध में कुल 323 प्रकरण दर्ज कर विधि अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई थी।

### आरोपी से 12 हजार रुपए जब्त

## दुकान से 65 हजार नगदी की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सर्विस लेन में स्थित पंताजंलि मेगा स्टोर्स में पीछे से प्रवेश कर गल्ले में रखे नगदी रकम की चोरी कर ली गई थी।



इस मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने पतासाजी करते आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 मई को प्रार्थी ने थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि बग्गा होटल के बाजू जीई रोड़ किनारे स्थित उसके पंताजंलि मेगा स्टोर्स (आकाश सेल) में 30 मई के प्रातः साढे 7 से 8 बजे के मध्य दुकान के पीछे से प्रवेश कर दुकान अंदर गल्ले में रखे लगभग 60 से 65 हजार रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर उसी रास्ते से निकलकर चला जाना बताया। रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 331 (3), 305 बीएनएस कायम कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला क्लू

चोरी के मामले की सूचना पर पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पहुंचकर दुकान एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला। फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर टांकापारा निवासी आदित्य उर्फ हरिश रजक 20 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ पर चोरी करना स्वीकार कर अपने घर से नगदी रकम 12,887 रुपए पेश किया, जिसे जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा।




### दोनों जांच समितियों ने प्रशासन को सौंपी रिपोर्ट

# जांच रिपोर्ट में भी सामने आई पुलिस स्वास्थ्य महकमे की गंभीर लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग से जुड़े विवादित प्रकरण की जांच रिपोर्ट में पुलिस प्रताड़ना के साथ-साथ स्वास्थ्य महकमे द्वारा बरती गई गंभीर लापरवाही की पुष्टि हो गई है। प्रशासन द्वारा गठित दोनों जांच समितियों ने अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि प्रकरण में दोषी पुलिस और स्वास्थ्य अमले के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई हो जाएगी।


प्रशासन ने जारी किए आदेश, जांच के बाद होगी कार्रवाई

गलत मेडिकल रिपोर्ट और थाने में प्रताड़ना की जांच करेगी दो समितियां

उल्लेखनीय है कि सोमनी क्षेत्र की एक चौदह वर्षीय नाबालिग बच्ची अपने स्वास्थ्यगत समस्या से परेशान थी। इसी परेशानी के चलते परिजनों ने सोमनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्ची के खून की जांच कराई थी। जांच के दौरान वहां के डॉक्टरों ने बच्ची का यूरिन टेस्ट भी किया और उसे दो महीने की गर्भवती बता दिया। इस रिपोर्ट के बाद जब परिजनों ने महज चौबीस घंटे के भीतर जिला अस्पताल में दोबारा जांच कराई तो वहां रिपोर्ट निगेटिव आई। इधर नाबालिग के गर्भवती होने की सूचना स्वास्थ्य केंद्र ने जैसे ही सोमनी पुलिस को दी, वहां पदस्थ टीआई सहित पुलिसकर्मियों ने 14 वर्षीय बच्ची को प्रताड़ित किया। बच्ची के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट भी की गई। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार द्वारा इस मामले की शिकायत किए जाने के बाद प्रशासन ने जांच के आदेश जारी किए थे। दोनों जांच समितियों ने अपनी रिपोर्ट आज प्रशासन को सौंप दी है। सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट में भी पुलिस प्रताड़ना की जहां पुष्टि हो रही है। वहीं स्वास्थ्य महकमे की गंभीर लापरवाही किए जाने की बात भी सामने आ गई है।

### शासन को भेजी रिपोर्ट

प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिपोर्ट को राज्य शासन को भेज दिया गया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शासन स्तर पर शीघ्र ही दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### मेधावी बच्चों का सम्मान

**चिचोला।** मिडिल स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में कक्षा 10 वी एवं 12 वी में टॉप करने वाले छात्र- छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में माँ सरस्वती की वंदनी की गई। इंग्लिश टीचर धनेश सिन्हा, पूनाराम सिन्हा, दीपक सिन्हा, परमजीत, अलखराम सिन्हा, राम साहू ने टॉपर बच्चों का सम्मान किया। इस मौके पर धनेश सिन्हा ने कहा कि हर बच्चे का जागरूक और शिक्षित होना जरूरी है। परमजीत ने कहा कभी टेंशन में पढ़ाई नही करना चाहिए। पूनाराम सिन्हा, रामकुमार साहू ने भी बच्चों को संबोधित किया।

### मतदाताओं का जताया आभार

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत घुमका में शांतिपूर्ण मतदान होने के पश्चात



कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि नगर की जनता ने विकास, जनहित, पारदर्शिता और जवाबदेह नेतृत्व के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान अध्यक्ष पद की कांग्रेस प्रत्याशी फुलमती वर्मा एवं पार्षद प्रत्याशियों को सभी वर्गो का स्नेह, समर्थन और विश्वास प्राप्त हुआ, वह स्पष्ट संकेत है कि जनता विकास और जनसेवा की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है।

### इंटर्नशिप प्रमाण पत्र का वितरण



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार की कक्षा 11वीं और 12वीं के हेल्थकेयर और टेलीकॉम ट्रेड के छात्र-छात्राओं में 10 दिन की इंटर्नशिप पूर्ण करने के बाद प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्राचार्य केके साहू एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण साहू, डीके जंघेल ने बच्चों का प्रशिक्षण करवाया। इंटर्नशिप के दौरान हेल्थ केयर के विद्यार्थियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार में प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, बैंडेजिंग, इंजेक्शन लगाने, बेड मेकिंग, बीएमडब्ल्यू, ब्लड टेस्ट, वाइटल साइन, ब्लड ग्रुप जांच एवं टेलीकॉम के विद्यार्थियों ने शिवम कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में कंप्यूटर, मोबाइल रिपेयरिंग, इंटरनेट संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रमाणपत्र वितरण के दौरान एसएल कोसरे सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### कार्यकारिणी में जिले के दो समाजसेवी शामिल

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय अग्रवाल संगठन की नई कार्यकारिणी में राजनांदगांव जिले से दो सक्रिय समाजसेवियों को महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर समाजजनों में हर्ष व्याप्त है। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विमल अग्रवाल राजनांदगांव एवं वीरेंद्र अग्रवाल डोंगरगढ़ को स्थान दिया गया है। इस उपलब्धि पर राजनांदगांव व डोंगरगढ़ अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने दोनों को बधाई देते इसे जिले एवं समाज के लिए गौरव का विषय बताया है। समाज के लोगों का कहना है कि दोनों ही लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहकर समाजहित में कार्य करते आ रहे हैं। प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, अशोक लोहिया एवं प्रदेश प्रचार-प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की कार्यकारिणी में जिले के प्रतिनिधियों को स्थान मिलना पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों पदाधिकारी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाते समाजहित में निरंतर कार्य करेंगे तथा नए सोपान स्थापित करेंगे।

### फंड की कमी से विकास कार्य थमे, लोगों में पनप रहा आक्रोश

# आर्थिक तंगी झेल रहे सरपंचों ने की सामूहिक इस्तीफे की पेशकश

## अन्य ब्लॉक को ज्यादा फंड मिलने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निर्वाचन के बाद आर्थिक तंगी झेल रहे ब्लाक के सरपंचों की नाराजगी सोमवार को खुलकर सामने आ गई। सरपंचों ने एकजुट होकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें उन्होंने फंड के आबंटन में हो रहे भेदभाव का उल्लेख करते हुए आगामी एक पखवाड़े में अपेक्षित निर्णय नहीं होने पर सामूहिक त्यागपत्र देने की बात कही है। सरपंचों का कहना है कि अन्य ब्लाक की तुलना में उन्हे मामूली राशि मिल रही है जिससे वह न तो विकास को गति दे पा रहे है और न जनता का सामना कर पा रहे है।

जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद से ब्लाक की अधिकांश पंचायतें आर्थिक तंगी की मार झेल रही है। गांवों में विकास कार्य थमे हुए हैं और निर्वाचित सरपंच सड़क, नाली सहित अन्य छोटे मोटे कार्य भी नहीं करा पा रहे है। पंचायतों को मिलने विभिन्न मदों की राशि भी नहीं मिल रही है जिससे सरपंचों की स्थिति दिनों दिन बिगड़ती जा रही है और उनमें निराशा बढ़ रही है। अब तक अनुभव में निराश हो चुके ब्लाक के सरपंचों ने सोमवार को ब्लाक सरपंच संघ के नेतृत्व में जिला कार्यालय जाकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।





आवंटन में भेदभाव

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डीएमएफ सहित अन्य मद्दों से मिली राशि में ब्लाक के सरपंचों के साथ लगातार भेदभाव हो रहा है जबकि अन्य ब्लाक की पंचायतों को सरपंच की मांग के मुताबिक राशि मिल रही है। वहीं ब्लाक के सरपंच के मांग पत्रों पर विचार तक नहीं हो रहा है। जानकारी के अनुसार एक साल बाद 15 वे वित्त की आई थी जिसमें भी कटौती कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार सामुदायिक भवन, तालाब गहरीकरण, सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य राशि के अभाव में नहीं हो पा रहे है।

#### भाजपाई ज्यादा पीड़ित

जानकारी के अनुसार आर्थिक तंगी की मार सबसे अधिक भाजपा समर्थित सरपंच झेल रहे है। कांग्रेस समर्थित सरपंचों को विधायक निधि से राशि मिलने के कारण वह कुछ कामों को गति दे रहे, किन्तु भाजपा समर्थित सरपंच काफी परेशान हो रहे है। उन्हे न तो सांसद निधि से पैसा मिल रहा है और न अन्य मद्दों से पर्याप्त आबँटन मिल रहा है ऊपर से तुर्रा यह है कि राज्य में सरकार होने के कारण वह अपनी व्यथा जनप्रतिनिधियों के सामने नहीं रख पा रहे हैं। लंबे समय से आर्थिक परेशानी झेल रहे ब्लाक के सरपंचो ने सोमवार को कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने 15 दिनों में अपेक्षित निर्णय नहीं होने पर सामूहिक त्यागपत्र देने की बात कही है।

#### सरपंचों की बैठक 18 को

जानकारी के अनुसार सरपंचों की समस्याओं पर चर्चा के लिए कलेक्टर ने आगामी 18 जून को ब्लाक मुख्यालय में बैठक लेने की बात कही है। कलेक्टर से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में ब्लाक सरपंच संघ के अध्यक्ष रोहित साहू, बसंत निषाद, गिरधारीराम, भुनेश्वरी साहू, सुनीता साहू, मेघा साहू, सीमा साहू, रेखालाल निषाद, धनेश्वरी सिन्हा, डिगेश्वरी राणा, चमेली पाल, रूपा चन्द्रवंशी, सोनम निषाद, विशाखाबाई, नमिता साहू, वंदिका कुंजाम आदि शामिल थे। ग्राम पंचायत अर्जुनी की सरपंच ललिता साहू ने कहा कि जन आकांक्षा पूरा करने के लिए जो राशि मिलना चाहिए वह नहीं मिल रही है जिससे गांव का विकास बाधित हो रहा है और ग्रामीणों की जरूरत के मूलभूत कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

## अमलीडीह से सुखरी तक ओवरब्रिज निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्टेट हाइवे का चौड़ीकरण कार्य शुरू हो गया है। चौड़ीकरण के बाद भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने के साथ ट्रैफिक जाम और दुर्घटना की संभावना बढ़ जाएगी जिसे देखते हुए अमलीडीह से सुखरी तक ओवरब्रिज निर्माण की मांग उठ रही है।

जानकारी के अनुसार राजनांदगांव से मानपुर स्टेट हाइवे के चौड़ीकरण को केद्र सरकार ने मंजूरी दी है। टेंडर प्रक्रिया के बाद खुदाई और पेड़ो की कटाई शुरू हो गई है। सड़क चौड़ीकरण के बाद महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश की ओर जाने वाले भारी वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी होने की संभावना है जिसके साथ ही हादसे बढ़ने की भी आशंका है। सड़क चौड़ीकरण के बाद सबसे अधिक परेशानी डोंगरगांव राजनांदगांव की दिशा में अमलीडीह और सुखरी के बीच बढ़ने की संभावना है। गौरतलब है कि अमलीडीह में बड़े तेल उद्योग और झींका खार स्थित कागज कारखाना में भारी वाहनों की लगातार आवाजाही होती है। स्टेट हाइवे के किनारे अक्सर वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है जिससे छोटे वाहनों को गुजरने के दौरान दिक्कत होती है वहीं यदा कदा हादसे भी होते रहते हैं।

#### ओवरब्रिज निर्माण ही समाधान

भविष्य में यातायात दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए अमलीडीह से सुखरी तक ओवरब्रिज निर्माण की जरूरत महसूस की जा रही है। लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज के निर्माण से यातायात सुगम होगा साथ दुर्घटना में कमी आएगी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य टोमन साहू ने ओवरब्रिज निर्माण को आवश्यक बताया है। अमलीडीह के सरपंच रौशन साहू ने कहा कि यातायात के दबाव को देखते हुए ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना चाहिए।

## राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में जमकर असंतोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई कर्मचारी वर्षों से पदस्थ हैं, जिसके कारण कार्यप्रणाली पर संदेहास्पद हो गई है और राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों के लिए भी उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटना पड़ रहा है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य मामलों के लंबित रहने से परेशानी हो रही है। नागरिकों का कहना है कि शासन द्वारा प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने का दावा किया जा रहा है किन्तु जमीनी स्तर पर सुधार नहीं दिख रहा है। दूरस्थ इलाकों के लोगों को बार बार कार्यालय आना पड़ रहा है।

## मनीष सोनी बने कृषि वस्तु विक्रेता संघ के नए अध्यक्ष

### सेक्टर पदाधिकारियों का भी मनोनयन







**डोंगरगढ़।** तहसील कृषि वस्तु विक्रेता संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों और सेक्टर प्रभारियों की घोषणा की गई है। संघ के अध्यक्ष पद पर ढारा निवासी मनीषकुमार सोनी को चुना गया है। सचिव पारागांव के गिरधर वर्मा, कोषाध्यक्ष उपकार साहू को बनाया गया है। जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष स्वदेश अग्रवाल, सचिव संदीप जैन, कोषाध्यक्ष लूकेश तुरकर एवं उपाध्यक्ष संजय जैन है। इसी कड़ी में सेक्टरों में उपाध्यक्ष, सहसचिव और सह-कोषाध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। एलबी नगर सेक्टर में उपाध्यक्ष यज्ञदत्त साहू, सह कोषाध्यक्ष मनीष साहू, मुसरा सेक्टर में उपाध्यक्ष मनसुख वर्मा, सहसचिव दिलीप वर्मा, सह कोषाध्यक्ष टोमन वर्मा, मुरमुंदा सेक्टर में उपाध्यक्ष कमलेश साहू, सहसचिव अखिलेश गहरवाल, सह कोषाध्यक्ष साहिल सिन्हा, ढारा सेक्टर में उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, सहसचिव डीके वर्मा, सह कोषाध्यक्ष डोमेश वर्मा, मोहारा सेक्टर में उपाध्यक्ष अनुज मंडावी, सहसचिव संकलित वर्मा, सह कोषाध्यक्ष राजेश वर्मा, बोरतलाव सेक्टर में उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, सह सचिव लोकेश पारधी हैं। संघ को मार्गदर्शन देने के लिए सुमित ब्राम्हणकर, मधु देवांगन, गोवर्धन सिन्हा, हरजीत सिंह अरोड़ा, रवि अग्रवाल और हरगोविंद विजयवार को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया है। कृषि वस्तु बिक्रेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## शराब की तस्करी बेरोकटोक जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

आबकारी विभाग की आखों के सामने से यहां से शराब ले जाकर दल्लीराजहरा क्षेत्र में बेचा जा रहा है। देशी शराब दुकान खडगांव से 80 रूपए कीमत वाली शराब को दल्ली राजहरा क्षेत्र में 150 रुपए में बेचा जा रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आबकारी विभाग की सांठगांठ से शराब का गोरखधंधा चल रहा है।

- शराब कोचिया दल्लीराजहरा क्षेत्र में बेच रहे शराब
- अवैध चखना सेंटर का संचालन

अवैध शराब बेचने वालों द्वारा खुलेआम दावा किया जा रहा है उनकी सेटिंग ऊपर से नीचे तक है। उन्हे किसी का डर नहीं है। सरकारी शराब दुकान के समीप चखना सेंटर संचालित करने का परमिशन गुपचुप तरीके से दे दिया गया है जिसको लेकर भी आमजनों में व्यापक चर्चा है। लोगों ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा बिना सूचना जारी किए चखना सेंटर चलाने का अनुमति दिया गया है जो पूर्णतः ग़लत है क्योंकि जिसने अपनी जमीन शराब दुकान खोलने के लिए किराया पर दिया था उसे कहा गया था कि उसे चखना सेंटर खोलने का अधिकार दिया जाएगा। भीखम रावटे ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में चर्चा की थी लेकिन अब छल-कपट किया जा रहा है। उसे न तो काम पर रखा गया और न चखना सेंटर खोलने का अधिकार दिया गया है।

## नगर प्रशासन से पानी मांगने पहुंचे करियाटोला के नागरिक

### वार्ड में एक पखवाड़े से जलापूर्ति बाधित, परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

एक पखवाड़े से पेयजल संकट से दो चार हो रहे करियाटोला के नागरिकों ने कांग्रेस नेता टिंकु देवांगन के नेतृत्व में सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर पेयजल व्यवस्था करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि करियाटोला में लगभग 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित है। लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।

वार्डवासियों ने बताया कि नगर पंचायत प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत कराने के बाद भी अब तक समाधान की पहल नहीं किया गया है। नगर प्रशासन की उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वार्डवासियों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर नगर पंचायत का घेराव करने की चेतावनी दी है।



#### सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

वार्ड के शोभराय साहू ने कहा कि पेयजल सुविधा से नागरिकों को वंचित रखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन सौंपने के दौरान टिंकु देवांगन, शोभराय साहू, खेलन साहू, संगम साहू, नवीन साहू, डाकेश साहू, योगेश राम, कोमल राजपूत, गणपत साहू, आनंद मंडलोई, दीपक साहू, शिवचरण निषाद, ढालेंद्र कुमार, दुर्गेश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### मॉनिटरिंग करने के निर्देश

## प्रधानमंत्री आवास की धीमी प्रगति से कलेक्टर नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आदिवासी अंचल के मदनवाड़ा में विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने कलेक्टर तुलिका प्रजापति पहुंचीं। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की। कई आवासों का निर्माण अपेक्षित गति से नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से पात्र हितग्राहियों को आवास प्रदान करना एवं पूर्ण करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रत्येक कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर कार्यों का निरीक्षण करें और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।



#### ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने उनकी समस्याएं एवं मांगें सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की आवश्यक मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न स्वीकृत एवं संचालित विकास कार्यों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को सभी सेंशन कार्यों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों की प्रगति बढ़ाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग पर विशेष निर्देश दिए। परवीडीह में निर्माणाधीन पीएम आवास का निरीक्षण करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर ने निर्माण कार्य में हो देरी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम आवास निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## महिला पार्षद के घर बलात प्रवेश, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी एवं नगर पंचायत के कांग्रेस पार्षदों ने भाजपा नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड 5 की कांग्रेस पार्षद रूपबाला महोबिया के घर में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के अनधिकृत प्रवेश, नारेबाजी करने तथा भय का माहौल बनाने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन के अनुसार गत 29 मई को जिला एवं मंडल भाजपा के पदाधिकारी एवं पार्षदों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग भाजपा का झंडा लेकर श्रीमती महोबिया के घर पहुंचे और कथित रूप से नारेबाजी करते हुए परिसर में प्रवेश कर गए। श्रीमती महोबिया का कहना है कि घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं थीं। घटना की जानकारी किरायेदार महिलाओं ने दी थी। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति उनके घर में प्रवेश कर नारेबाजी करना तथा अशांति का माहौल बनाना दंडनीय अपराध है। इस घटना से परिजन, किरायेदारों तथा मोहल्ले के लोगों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है।

पुलिस को ज्ञापन सौंपने के बदौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमलदास साहू, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, विजय वर्मा, गिरिराज किशोर दास, रामकुमार पटेल, एमएल जंघेल, देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, उत्तमसिंह, संजय महोबिया, गजेंद्र ठाकरे, गुलशन तिवारी, रिंकू गुप्ता, शैलेन्द्र तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, दशमत जंघेल, पार्षद प्रकाश महोबिया, चंद्रेश कुंभकार, प्रेम पाल, मनीष कोचर, संजू नेताम सहित अन्य उपस्थित थे।



#### घटना का वीडियो उपलब्ध

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना का वीडियो एवं फोटो उपलब्ध है। उन्होंने पुलिस से वीडियो, फोटो एवं प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के आधार पर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस पार्षद एवं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधियों ने मांग की है कि संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ बलपूर्वक गृह प्रवेश, शांति भंग करने पर एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाए।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम का प्रभावी क्रियान्वयन

# स्वच्छता राशि वसूली से मजबूत हुई स्वच्छता व्यवस्था, ग्राम पंचायत मुढ़ीपार बनी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियांवयन को लेकर जिले में लगातार प्रयास जारी है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देश व जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में ब्लाक का ग्राम पंचायत मुढ़ीपार स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है जहॉ प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण सहित स्वच्छता शुल्क संग्रहण जैसे कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

स्वच्छग्राही नियमित रूप से प्रत्येक घर तक पहुंचकर गीले व सूखे कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण कर रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ते हुए युवाओं की वार्डवार टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें घरों, दुकानों, सार्वजनिक स्थलों में पहुंचकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दे रही हैं।

## प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण हो रहा संचालित

### पहल बनी जिले के लिए मिसाल

ग्राम पंचायत की यह पहल आज जिले की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। स्वच्छता शुल्क के माध्यम से स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने का यह मॉडल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को नई दिशा प्रदान कर रहा है। यदि इसी प्रकार जनसहभागिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए, तो प्रत्येक ग्राम पंचायत स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर सकती है। सरपंच कुमेश साहू ने बताया कि गांव को स्वच्छता के क्षेत्र में जिले का अग्रणी ग्राम बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं। पंचायत सचिव भागवत साहू ने कहा कि ग्राम की प्रत्येक गली, मुहल्ले में जनसंपर्क कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा सभी से नियमित रूप से स्वच्छता शुल्क जमा करने की अपील की जा रही है।



### अपशिष्ट प्रबंधन पर दिया जा रहा जोर

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शुल्क संग्रहण को बढ़ावा देने विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम तहत घर-घर कचरा पृथक्करण, चार प्रकार के कचरे का संग्रहण, नियमित कचरा परिवहन व वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

- **प्रेम कुमार पटेल,** सीईओ जिला पंचायत

### एक लाख से उपर हुई वसूली

पंचायत ने स्वच्छता को स्थाई स्वरूप देने प्रत्येक माह श्रमदान के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया है। पंचायत का मानना है कि स्वच्छ ग्राम का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक ग्रामीण अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे और स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाए। वित्तीय वर्ष 25-26 में ग्रामीणों से लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए और दुकानों से 1 हजार 600 रुपयो का स्वच्छता शुल्क संग्रहित किया गया है। यह राशि ग्राम की सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, स्वच्छता संसाधनों के रखरखाव सहित अन्य स्वच्छता गतिविधियों में उपयोग की जा रही है। यूजर चार्ज के माध्यम से ग्राम पंचायत न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही है, बल्कि स्वच्छता व्यवस्था को भी आत्मनिर्भर एवं टिकाऊ बना रही है। जनपद सीईओ हिमांशु गुप्ता द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में सूखा कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता शुल्क संग्रहण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जा रहा है। मुढ़ीपार की सफलता इस बात का प्रमाण है कि योजनाबद्ध प्रयास, जनसहभागिता एवं सतत मॉनिटरिंग से स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किए जा सकता हैं।

# श्रवण यंत्र बना नई उम्मीद का सहारा, जीवन में लौटी खुशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की संवेदनशीलता और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में ग्राम टेकापार कला निवासी श्याम लाल वर्मा व नरसिंग वर्मा को संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमन राज द्वारा श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण संबंधी समस्या के कारण दोनों ग्रामीणों को लंबे समय से दैनिक जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की बातें स्पष्ट रूप से सुन नहीं पाने के कारण सामाजिक गतिविधियों, पारिवारिक संवाद और सामान्य कार्यों में भी उन्हें परेशानी होती थी। उनकी आवश्यकता को देखते हुए प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। श्याम लाल वर्मा और नरसिंग वर्मा ने बताया कि अब वे लोगों की बातें पहले की अपेक्षा अधिक स्पष्ट रूप से सुन पा रहे हैं। इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे सामाजिक और पारिवारिक जीवन में भी सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए किसी उपहार से कम नहीं है।

### आवश्यक संसाधन कराया जा रहा उपलब्ध

संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमन राज ने कहा कि शासन का उद्देश्य दिव्यांगजनों व जरूरतमंद व्यक्तियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोडऩा है। प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और उनके जीवन की कठिनाइयों को कम किया जा सके। दोनों हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन सहित संबंधित विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की यह संवेदनशील पहल उनके जीवन में नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता का संचार करेगी।

# शिविर में विक्रांत ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा में जनसमस्या निवारण शिविर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के आतिथ्य मे हुआ।

स्वागत कार्यक्रम बाद विक्रांत सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारी गांव तक पहुंचे हैं और योजनाओं की जानकारी देकर



समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। शिविर को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास कर रहे हैं, जो सराहनीय है।

### शालीन व्यवहार करे अधिकारी

अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि शिविर में प्राप्त हर आवेदन की बारीकी से जांच की जाए और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों व आम जनता की मांगों पर स्पष्ट और सही जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत मिलने पर संबंधित विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ शालीनता और सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। सभी विभाग अपने-अपने योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में दें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सुशासन तिहार की वास्तविक सफलता है। उन्होने महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित पक्के मकान की चाबी दिया जिससे लाभांवित महिलाएं भावुक हो उठीं और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, जिपं सभापति जमुना कुर्रे, देवकुमार सेन, हरप्रसाद वर्मा, दीक्षा गुप्ता, केशव चंदेल, पूर्णाचंद गुप्ता, गजेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान, तंबाकू त्यागने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ जागरूकता गतिविधि आयोजित

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्रों, ग्रामों व शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं।

सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा, सहायक संचालक समाज कल्याण कमलेश पटेल के नेतृत्व में जिले के दोनो विकासखंडों में खंड चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, मितानिनों व ग्रामवासियों द्वारा तंबाकू नियंत्रण सहित नशा मुक्ति संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।



### अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की दी जानकारी

कार्यक्रम दौरान आमजन को सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई वही तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों, उच्च रक्तचाप सहित अन्य गैर-संचारी रोगों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। विभिन्न ग्रामों व शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिक्षा सत्र, जनसंवाद, रैली, नारा लेखन, शपथ कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो को तंबाकू सेवन नहीं करने और अपने परिवार, समाज को तंबाकू मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध,तंबाकू उत्पादों की बिक्री से संबंधित कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं तम्बाकू से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें ताकि स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

### दूर होगी पानी की समस्या

**डोंगरगढ़।** वार्ड एक स्थित अटल आवास में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस आशय की सूचना मिलने पर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मौके पर पहुंचकर समस्या की जानकारियां ली। उन्होंने यहां के निवासियों को जल्द पानी की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया।

# स्वस्थ मिट्टी, समृद्ध किसान नारे के साथ खेत बचाओ देशव्यापी अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रसायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से कृषि भूमि की उर्वरता में लगातार गिरावट, मिट्टी के कटाव, मृदा कार्बन व पोषक तत्वों की कमी सहित जल प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों के समाधान और किसानों को प्राकृतिक व टिकाऊ खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1 से 30 जून 2026 तक देशव्यापी खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों मे रसायनिक उर्वरकों के संतुलित व विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और मृदा संरक्षण के प्रति जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। कम खाद, सही खाद और सही सलाह संदेश साथ कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार जिले में पूरे महीने ग्राम पंचायत, विकासखंड व जिला स्तर पर कृषक संगोष्ठी, कृषि चौपाल, जनजागरूकता कार्यक्रम और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा जिसके माध्यम से कृषि सहित संबद्ध विभागों के अधिकारी किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग सहित खाद्य तेलों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देंगे।

### उर्वरकों से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही

उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि अत्यधिक रसायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिससे कृषि उत्पादन की स्थिरता पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेत बचाओ अभियान के माध्यम से किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, जैव उर्वरक, नैनो उर्वरक व हरी खाद के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य किसानों को ऐसी कृषि पद्धतियों से जोडऩा है, जो उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी, जल और पर्यावरण का संरक्षण भी सुनिश्चित करें। इसके तहत किसानों को रसायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में हरी खाद, नील-हरित काई, जैव उर्वरक, नैनो उर्वरक, जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही पंचायत स्तर पर खेत बचाओ समितियों का गठन कर नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिससे किसानों को प्राकृतिक, टिकाऊ और आर्थिक रूप से लाभकारी खेती पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अभियान में सक्रिय सहभागिता कर अपनी भूमि की उर्वरता, पर्यावरण संरक्षण और दीर्घकालिक कृषि समृद्धि के लिए प्राकृतिक व संतुलित खेती पद्धतियों को अपनाने की अपील की है।

# आरकेसी में आधार अद्यतन शिविर, तीन तक स्पेशल कैंप

**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कान्वेंट में आधार अपडेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 9 से 12 तक चलता है। शाला प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि वर्तमान समय में आधार हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। बैंकिंग सेवाएं, पेंशन, राशन, छात्रवृत्ति, आयुष्मान योजना, गैस सब्सिडी, मोबाइल सिम सत्यापन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं में आधार की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसीलिए यह कैंप संस्थाओं के छात्रों अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के लिए आयोजित किया गया है। इस सत्र के दौरान यह तीसरा अवसर है, जब शाला में ऐसी पहल का आयोजन किया गया है। पहले भी दो बार इस तरह के आधार अपडेशन कैंप आयोजित किए जा चुके हैं। जिनमें व्यापक संख्या में लोगों ने लाभ उठाया था। कलेक्टोरेट या किसी भी चॉइस सेंटर में जाकर आधार अपडेशन किया जा सकता है।



डिप्टी पोस्ट मास्टर केपी तिवारी ने कहा कि डाकघर जनसेवा को प्राथमिकता देता है। ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों को सरकारी सेवाओं में जोड़ना उनका उद्देश्य है। उन्होंने पालकों को दस्तावेजों की शुद्धता और सुरक्षा के बारे में भी सलाह दी। स्कूल ने भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे सेवा शिविरों केआयोजन का आश्वासन दिया। रॉयल किड्स कान्वेंट में यह शिविर 1 से 3 जून तक चलेगा।

## जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक आयोजित

# कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए प्रदेश प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन छुईखदान स्थित राजमहल के हाल में किया गया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी विजय जांगिड़ शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू ने अपने संबोधन में कहा कि जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला गठन के बाद प्रदेश प्रभारी का यह दूसरा दौरा है, जिससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिला है। बैठक को पूर्व विधायक जंघेल तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता एमएल जंघेल ने भी संबोधित किया। बैठक में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, लाल तारकेश्वर शाह खुसरो, गिरिराज किशोर दास, भूपेंद्रसिंह ठाकुर, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास, गजेंद्र ठाकरे, गुलाब चोपड़ा, उत्तमसिंह ठाकुर, मोहम्मद खान, विजय वर्मा, दशमत जंघेल, मीरा चोपड़ा, महामंत्री सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, संजय महोबिया, भीखम छाजेड़, आकाशदीप सिंह, रोहितसिंह, ललित महोबिया, जितेंद्र गौर, सुबोध पांडे, चंद्रेश यदु, रिंकू गुप्ता, सुशीलकांत पांडे, खेमेश्वरी वर्मा, द्रौपदी वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, कोसन कोसरे, विनोद ताम्रकार, गुलशन तिवारी, रामकुमार पटेल, संदीप सिरमौर, अरुण भारद्वाज, तेजराम वर्मा, शत्रुहन चंदेल, श्रीमति आरती महोबिया, जयराम मंडावी, मनीष कोचर संजू नेताम चंद्रेश कुम्भकार प्रेम पाल अमित महोबिया आदि उपस्थित थे।



### कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनेगी सरकार

प्रदेश प्रभारी विजय जांगिड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दो वर्षों में संगठन को मजबूत बनाने के लिए गंभीरता से कार्य करना होगा, ताकि आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बन सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से किसान सहित विभिन्न वर्गों के लोग परेशान हैं। महंगाई जैसे मुद्दों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार के खिलाफ चल रहे मुद्दों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएं तथा पार्टी का संदेश जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और आम जनता तक ले जाएं। योजनाओं की समीक्षा कर यह बताने का प्रयास करें कि उनका वास्तविक लाभ किसे मिल रहा है।

**सभी सरकार से नाराज**

विजय जांगिड़ ने कहा कि भाजपा के प्रति आम जनता का विश्वास कम हुआ है और इस बात को लोगों तक पहुंचाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि जनता सरकार से नाराज है और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इसकों प्रचारित करना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, आमजन से मेल-जोल रखने तथा छोटे कार्यकर्ताओं को सम्मान देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथों पर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए और संगठन को ग्रामीण क्षेत्रों के साथ कस्बों तक भी अपनी पहुंच मजबूत करनी होगी।

# जंगली सुअर को करंट लगाकर मारने का मामला, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

वन परिक्षेत्र छुईखदान अंतर्गत ग्राम खुड़मुड़ी में जंगली सूअर (बरहा) को करंट लगाकर मारने का मामला सामने आया है। इस मामले में वन विभाग ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को वन विभाग को सूचना मिली कि ग्राम खुड़मुड़ी में कुछ लोग जंगली सूअर का शिकार कर उसका मांस खाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते मांस जब्त कर चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

वन विभाग की टीम ने आरोपियों के घरों में दबिश देकर जांच की तथा शिकार किए गए जंगली सूअर का मांस बरामद किया। इसके बाद सभी आरोपियों को पूछताछ के लिए वन विभाग कार्यालय लाया गया।



### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में बृजलाल कंवर, मैन कुमार, पेखन वर्मा व सेवन दास सभी आरोपी ग्राम खुड़मुड़ी के निवासी हैं, जो मांग की खेती में करंट लगाए थे। जिसमें आने से जंगली सूअर/बरहा की मौत हो गई।

### की गई कार्रवाई

वन विभाग ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। विभागीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। वन विभाग ने लोगों से वन्यजीवों के शिकार से दूर रहने तथा किसी भी अवैध शिकार की सूचना तत्काल विभाग को देने की अपील की है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की खबर है।

## सार समाचार

### जनदर्शन : आवेदनों पर की जा रही त्वरित कार्रवाई

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन की संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई का एक सकारात्मक उदाहरण सामने आया है। कलेक्टर जनदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम तुलसीपुर निवासी दीपक कुमार ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी माता का ई-केवाईसी नहीं हो पाने के कारण उनके परिवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्ड में दर्ज 5 सदस्यों के स्थान पर सितंबर 2025 से केवल 4 सदस्यों का राशन प्राप्त हो रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते तत्काल खाद्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जांच में पाया गया कि हितग्राही की माता वृद्धावस्था के कारण फिंगरप्रिंट आधारित ई-केवाईसी कराने में सक्षम नहीं थी। जिसके कारण प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पा रही थी। खाद्य विभाग की टीम द्वारा विशेष पहल करते फेस रिकग्निशन तकनीक के माध्यम से दीपक कुमार की माता का सफलतापूर्वक ई-केवाईसी कराया गया। इसके साथ ही संबंधित तकनीकी बाधा का निराकरण कर दिया गया है। अब आगामी राशन आबंटनों में परिवार के सभी पात्र सदस्यों के अनुसार पूर्ण राशन उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण एवं पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

### नाली निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रीवागहन के वार्ड नंबर 14 में नाली निर्माण कार्य हेतु 5 लाख 91 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त नाली निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### दिव्यांगजनों को आज विस अध्यक्ष बांटेंगे उपकरण

**राजनांदगांव।** स्पीकर हाउस राजनांदगांव में कल 2 जून को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दिव्यांगजनों को उपकरण का वितरण करेंगे।



मिली जानकारी के अनुसार कल 2 जून को दोपहर 2 बजे स्थानीय स्पीकर हाउस कैंप कार्यालय में पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को दिव्यांगों हेतु प्रयुक्त उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव एवं भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को निःशुल्क उपकरणों का वितरण किया जाएगा। महापौर मधुसूदन यादव ने शहर के दिव्यांगजनों से आयोजन का लाभ उठाने एवं नागरिकों से इस आयोजन में उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### नगरवासियों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**राजनांदगांव।** 'सन टू ह्यूमन फाउंडेशन' के तत्वावधान में सोमवार को ऑक्सीजोन परिसर में एक वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्य में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपना योगदान दिया। अभियान में डॉ. नरेंद्र नाहटा, रामनिवास गुप्ता, गोपाल गुप्ता और लक्ष्मीकांत पटेल ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति के डॉ. डीसी जैन, हरजीत सिंह भाटिया, भंवरमरा सरपंच माया बंधे, पूर्व सरपंच प्रेमलता साहू, ग्राम प्रमुख धर्मेंद्र साहू सहित पप्पी चोपड़ा, राजू डागा, जयपाल मंगवानी और चंद्रकांत नंदे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम को संबोधित करते भंवरमरा सरपंच माया बंधे ने कहा कि ऑक्सीजोन की स्वच्छता को स्थायी रूप देने शीघ्र ही डस्टबिन की व्यवस्था की जाएगी। नियमित सफाई के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति होगी तथा स्वच्छता का संदेश देने वाले साइन बोर्ड भी लगाए जाएंगे। फाउंडेशन के जवाहर सिन्हा ने बताया कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बनी है।



### बढ़ती महंगाई से जनता हलाकानः अली

**राजनांदगांव।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हो रही बेतहाशा वृद्धि और रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों के दाम आसमान छूने से आम जनता की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैय्यद अफजल अली ने केन्द्र सरकार पर तीखा हमला बोलते कहा कि अब महंगाई केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं रह गई है, बल्कि गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के लिए रोज की पीड़ा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को देशवासियों को गुमराह करने के बजाय स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि देश की आर्थिक स्थिति आखिर क्या है और आने वाले समय में हालात किस हद तक बिगड़ सकते हैं। जनता को सच्चाई जानने का अधिकार है, ताकि लोग समय रहते परिस्थितियों के लिए खुद को तैयार कर सकें। अफजल अली ने कहा कि पिछले 11 दिनों में चार बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। चौथी बार हुई बढ़ोत्तरी में डीजल 2.71 रुपए प्रति लीटर और पेट्रोल 2.61 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ है। चुनाव खत्म होने के बाद से अब तक पेट्रोल-डीजल के दामों में लगभग 7 रुपए तक की बढ़ोत्तरी हो चुकी है।



### जिला पंचायत-शिक्षा स्थाई समिति की बैठक 9 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत-शिक्षा स्थाई समिति की बैठक आगामी 9 जून को दोपहर 3.30 बजे जिला पंचायत के शिक्षा स्थाई समिति के सभापति कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सदस्यों को उपस्थित होने आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### 1300 श्वान का बधियाकरण

**राजनांदगांव।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवारा एवं पालतू कुत्तों के नियंत्रण तथा पशु स्वास्थ्य संरक्षण के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। अब तक लगभग 1300 कुत्तों का बधियाकरण किया जा चुका है। शिकायत प्राप्त होने पर आक्रामक एवं पागल कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई भी की जा रही है। निगम ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में डॉग शेल्टर की स्थापना, कुत्तों के डी-वॉर्मिंग एवं टीकाकरण तथा प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक फीडिंग प्वाइंट विकसित करने का प्रावधान किया गया है।

## - एजुकेशन प्लस -

### बाल भारती स्कूल में वार्षिक शुल्क पर 30% की विशेष छूट

**राजनांदगांव।** बाल भारती पब्लिक स्कूल द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा नर्सरी से बारहवीं मे प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, क्योंकि स्कूल प्रबंधन ने वार्षिक फीस (कुल सालभर की फीस) पर 30% विशेष छूट देने की घोषणा की है। नवमी से बारहवीं प्रवेश पर विशेष छूट 75% से अधिक एवं कक्षा दशवी में 90% से अधिक वालों को अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा। यह विशेष छूट सीमित अवधि 1 से 10 जून तक एवं सीमित सीटों के लिए उपलब्ध रहेगी। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे शीघ्र विद्यालय में संपर्क कर अपने बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करें और इस आकर्षक छूट का लाभ उठाएं।

### जिले के फसल चक्र के अनुरूप किसानों को दी गई सलाह

# हरी खाद के तौर पर धैचा अपनाकर किसान घटाएं यूरिया की खपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कृषि विभाग द्वारा किसानों को हरी खाद के रूप में धैचा (सेसबेनिया) के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। धैचा एक दलहनी फसल है, जो वायुमंडलीय नाइट्रोजन को भूमि में स्थिर कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ-साथ रासायनिक उर्वरकों, विशेषकर यूरिया की आवश्यकता को कम करती है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धैचा की बुवाई मानसून के प्रारंभ में 25 से 30 किलोग्राम बीज प्रति हेक्टेयर की दर से की जाती है। बुवाई के लगभग 35 से 40 दिन बाद, जब पौधे 1 से 1.5 मीटर ऊंचे हो जाएं तथा फूल आने की प्रारंभिक अवस्था में हो, तब उन्हें ट्रैक्टर चालित डिस्क हैरो, रोटावेटर अथवा मिट्टी पलटने वाले हल से खेत में दबाकर मिट्टी में मिला दिया जाता है। इसके बाद खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखने पर लगभग 15 से 20 दिनों में धैचा सड़-गलकर मिट्टी में मिल जाता है और उसके पोषक तत्व फसलों के लिए उपलब्ध हो जाते हैं। धैचा के विघटन से भूमि में जैविक कार्बन, नाइट्रोजन तथा अन्य पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ती है। इससे मिट्टी की संरचना, जलधारण क्षमता एवं लाभकारी सूक्ष्मजीवों की गतिविधियों में वृद्धि होती है। जिसका सकारात्मक प्रभाव आगामी फसलों के उत्पादन पर पड़ता है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार धैचा को खेत में मिलाने से प्रति हेक्टेयर लगभग 40 से 60 किलोग्राम नाइट्रोजन उपलब्ध होती है। इतनी नाइट्रोजन प्राप्त करने के लिए लगभग 90 से 130 किलोग्राम यूरिया की आवश्यकता पड़ती है।

इस प्रकार धैचा के उपयोग से प्रति हेक्टेयर लगभग 2 से 3 बोरी यूरिया की बचत संभव है।

### सेवानिवृत्त कर्मी को मिला लंबित पेंशन भुगतान

राजनांदगांव। जिला प्रशासन द्वारा जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण की दिशा में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनदर्शन में प्राप्त एक आवेदन पर कार्रवाई करते सेवानिवृत्त कर्मचारी के लंबित पेंशन भुगतान की समस्या का समाधान किया गया। कलेक्टर जनदर्शन में आवेदक जयंत बाधू ने आवेदन प्रस्तुत करते बताया कि उनके पिता के सेवानिवृत्त होने के बाद से पेंशन भुगतान लंबित है। आवश्यक दस्तावेजों की कमी एवं कुछ अभिलेखों के अपूर्ण होने के कारण लंबे समय से पेंशन प्रकरण का निराकरण नहीं हो पा रहा था। जिससे परिवार को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव द्वारा मामले को गंभीरता से लेते संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रकरण की जांच कर आवश्यक दस्तावेजों एवं औपचारिकताओं को पूर्ण कराया गया तथा लंबित पेंशन प्रकरण का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया गया। जिला प्रशासन के प्रयासों से अब सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है तथा लंबित राशि का भुगतान कर दिया गया है। आवेदक एवं उनके परिवार ने समस्या के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंच सके।

## मतदान केन्द्रों पर रही चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

**राजनांदगांव।** नगर पंचायत घुमका चुनाव के तहत आज मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में चौक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से चुनाव कराने पूर्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च भी किया था।



पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगांव मंजूलता बाज के पर्यवेक्षण में 1 जून को नगरीय निकाय निर्वाचन घुमका को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

#### सतत निगरानी

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मतदान केंद्रों, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी गई। लगातार पेट्रोलिंग, चेकिंग एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

#### उत्साहपूर्वक शांतिपूर्ण रहा माहौल

नागरिकों ने उत्साहपूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन अवधि में कहीं भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना, विवाद अथवा कानून व्यवस्था भंग होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई। राजनांदगांव पुलिस द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। राजनांदगांव पुलिस ने समस्त मतदाताओं, निर्वाचन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया है।

## दिव्य झांकी से नारायण महामहोत्सव का शंखनाद

**राजनांदगांव।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास श्री नारायण महामहोत्सव का शुभारंभ प्रथम दिवस भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। श्री नारायण धाम श्री सत्यनारायण धर्मशाला कामठी लाइन में आयोजित कार्यक्रम में शंखध्वनि, घंटानाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महामहोत्सव का विधिवत शंखनाद किया गया। महामहोत्सव के प्रथम दिवस भक्त शिरोमणि हनुमान के सुंदरकांड पाठ एवं दिव्य झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। देवी अर्चना एवं नेहा वैष्णव ने सुंदरकांड पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया।



#### आज महासर वाली माता का मंगल पाठ

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि महामहोत्सव के द्वितीय दिवस महासर वाली माता महिला मंडल द्वारा महासर वाली माता का मंगल पाठ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक अभिजीत जोशी अपनी मधुर स्वर सेवा प्रस्तुत करेंगे। महिला मंडल की सदस्याएं भी भक्ति एवं श्रद्धा से ओतप्रोत मंगल पाठ का आयोजन करेंगी। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## बच्चे-युवाओं ने पारंपरिक खेलों का लिया मजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हर रविवार को मस्ती की पाठशाला में भीड़ बढती जा रही है। अलसुबह से बच्चे अपने परिवार के साथ पहुंचकर पारंपरिक खेलों का मजा ले रहे हैं। सर्किट हाउस के सामने तथा चौपाटी व उसके सामने भीड़ का नजारा देखने को मिलता है। बच्चे एवं युवा सभी खेलों का आनंद लेकर अपनी प्रतिभा दिखतो हैं।

उपस्थित महिलाओं ने कहा कि आज हमारे पारंपरिक खेल बांटी, भौंरा, गिल्ली डंडा, बिल्लस जो लुप्त होते जा रहे हैं, वो मस्ती की पाठशाला में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि यहां आने से हमारी बचपन की यादें ताजा हो जाती है। वहीं पुरूषों ने कहा कि जो बच्चे छुट्टी के दिन देर तक सोये रहते थे, वे बच्चे सुबह 5 बजे से उठकर पाठशाला में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल के कारण लोग परिवार और समाज से दूर होते जा रहे हैं, यहां आकर बच्चों को एक-दूसरे के साथ मिलकर खेलते देख ऐसे लगता है कि हमारा बचपन वापस आ गया। सभी ने मस्ती की पाठशाला आयोजन के लिए महापौर सहित निगम प्रशासन का धन्यवाद दिया। साथ ही पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास तथा योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन ग्रुप के साथ योग करने के अलावा रीदम रिवाल्युसन ग्रुप के साथ बड़ी संख्या में छोटे-बड़े बच्चे परिवार सहित जुम्बा डॉस में थिरकते नजर आए। वहीं छोटे बच्चों ने ड्राईंग सीट में चित्रकारी के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किए। जिसमें अच्छी चित्रकारी करने वाले बच्चो को यामिनी कला केन्द्र के द्वारा पुरस्कृत किया गया। बाली अखाडा के छोटे-बड़े बच्चों ने आग का गोला घुमाने के अलावा अखाड़ा के विभिन्न प्रदर्शन किए, जिसे देख लोग आश्चर्यचकित रह गए।



#### हर सप्ताह नया देखने को मिलता है

मस्ती की पाठशाला में हर सप्ताह नया देखने को मिलता है। इस रविवार का आकर्षण बोरा दौड़, बांटी-चम्मच दौड़, आलू दौड़, रस्साकसी प्रमुख रूप से था। इसके अलावा मटकी फोड, मोमबत्ती जलाव, बिल्लस, बांटी, भौरा, पिट्टुल तथा रस्सीकूद, बैडमिंटन, तीरंजदाजी, जम्प, कराटे आदि पारंपरिक खेल का बच्चे एवं युवाओं ने बहुत आनंद उठाया। उक्त खेलों में पुरस्कार भी दिया गया। छोटे बच्चे अपने भाई-बहन व दोस्तों के साथ झूलाझूल, फिसलपट्टी में फिसलकर मजा लेने के साथ-साथ छोटे-छोटे खेल में रिंग डालना, निशाना लगाना, ऊंचीकूद में भाग लिया।

## सुशील बने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रवाल सभा राजनांदगांव के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में समाज ने बदलाव के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देते वर्तमान अध्यक्ष शरद अग्रवाल को पराजित कर सुशील अग्रवाल को नया अध्यक्ष चुन लिया है।

कोषाध्यक्ष पद पर हुए मुकाबले में अशोक सिंघल ने शानदार जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही अग्रसेन भवन में समर्थकों एवं समाजजनों के बीच उत्साह का माहौल बन गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने कहा कि यह जीत पूरे समाज के विश्वास की जीत है। उन्होंने चुनाव में सहयोग देने वाले सभी मतदाताओं, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं का आभार व्यक्त करते कहा कि अब समय समाज को और अधिक संगठित एवं मजबूत बनाने का है। वे सभी को साथ लेकर समाजहित में कार्य करेंगे।

#### अध्यक्ष पद पर सुशील की प्रभावशाली जीत

अध्यक्ष पद के चुनाव में सुशील अग्रवाल ने 38 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर समाज का विश्वास हासिल किया। चुनाव परिणाम के बाद समर्थकों ने उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया तथा बधाइयों का सिलसिला देर तक चलता रहा।



#### कोषाध्यक्ष पद पर अशोक विजयी

कोषाध्यक्ष पद के त्रिकोणीय मुकाबले में अशोक सिंघल ने 102 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। परमानंद गोयल को 65 मत तथा संजय लोहिया को 26 मत प्राप्त हुए। अशोक सिंघल की जीत को उनके लंबे सामाजिक जुड़ाव और सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है।

#### रिकॉर्ड मतदान ने बढ़ाई चुनाव की गरिमा

अग्रवाल सभा के कुल 194 मतदाताओं में से 193 ने मतदान किया। लगभग शत-प्रतिशत मतदान ने समाज के लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठन के प्रति सदस्यों की जागरूकता को प्रदर्शित किया।

#### निर्वाचन अधिकारी उमाकांत ने घोषित किए परिणाम

चुनाव प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज के निर्देशन में संपन्न हुआ। मतगणना पूरी होने के बाद उन्होंने सुशील अग्रवाल को अध्यक्ष एवं अशोक सिंघल को कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया। उन्होंने चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## भारतीय स्कूल टीम कैंप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड़मी, डीपीएस खेलों इंडिया एकेडमी एवं युगांतर खेलो इंडिया एकेडमी राजनांदगांव के 7 खिलाड़ियों का चयन रांची में 26 मई से 10 जून तक आयोजित भारतीय स्कूल टीम के कैम्प के लिए हुआ है। यह कैम्प स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस कैम्प के पश्चात चयनित खिलाड़ी ज्लातिबोर सर्बिया में 13 से 22 जून 2026 तक आयोजित विश्व स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय स्कूल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा बाडमेर में आयोजित सीनियर स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता एवं राजनांदगांव में आयोजित जूनियर स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में से लगभग 75 बालक एवं 75 बालिकाओं को चयन ट्रायल के लिए रांची बुलवाया था। उस चयन ट्रायल में से इन 7 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण शिविर के लिए आमंत्रित किया गया है। बालिका वर्ग में अंजनी, रुमी कोनवर, काम्या झा, आर्या विजय अवारे, रेवा कुलकर्णी और बालक वर्ग में शुभम सिंह एवं हिमांशु सिंह शामिल हैं। खिलाड़ियों ने सीबीएसई के विजेता टीम के तौर पर सीबीएसई का प्रतिनिधित्व किया था। जिनमें रूमी कोनवर, रेवा कुलकर्णी, आर्या विजय अवारे (डीपीएस खेलों इंडिया एकेडमी राजनांदगांव), काम्या झा एवं अंजनी तथा हिमांशु सिंह डीपीएस राजनांदगांव से संबंधित है। शुभम सिंह युगांतर खेलो इंडिया बास्केटबॉल एकेडमी राजनांदगांव से है। ये सभी खिलाड़ी रेवाडीह स्थित बास्केटबॉल सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल एकेड़मी राजनांदगांव के मैदान में अभ्यास करते हैं, इन्हें अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं कालवा राधा राव प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। इनकी इस उपलब्धि पर कोच कालवा राजेश्वर राव एवं कालवा राधा राव को डीपीएस राजनांदगांव के डायरेक्टर सौरभ कोठारी, सुनील जैन, रामदेव राठी, अभिषेक वैष्णव, निर्मला सिंह, मोहन राव, मोहन साहू एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के डायरेक्टर सुशील कोठारी, अजय सिंगी, अखराज कोटडिया सहित स्कूल प्राचार्य मधुसूदन नायर, खेल अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह ने बधाईयां दी है।



### 'नया भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण का माध्यम

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लखोली स्थित शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साह और तन्मयता के साथ सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के योगदान का उल्लेख और राष्ट्र निर्माण की दिशा में दिए गए संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते शक्ति केंद्र प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के सामान्य नागरिकों, नवाचारकर्ताओं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले लोगों को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल संवाद नहीं, बल्कि देशवासियों को 'नया भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण के लिए प्रेरित करने का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने लंबे समय तक निरंतर जनसेवा करते देश के विकास और जनभागीदारी को नई दिशा दी है। आगामी 7 जून को उनके लगातार सार्वजनिक सेवा के इस लंबे सफर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा होने जा रहा है, जो देशवासियों के लिए गौरव का विषय है।



कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिला भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री मिथलेश्वरी वैष्णव, पार्षद डिलेश्वर साहू, संतोष साहू, चंद्रिका साहू, पार्षद प्रतिनिधि संतोष निर्मलकर, दक्षिण मंडल मंत्री रश्मि साहू, सुरेश साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सचिव आशीष डोंगरे सहित बड़ी संख्या में शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष निर्मलकर ने किया।



## समस्या : कागजों में अटकी सरोधा सड़क की फाइल, बढ़ी परेशानी

# सरोधा सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव अधर में, यातायात व पर्यटन दोनों प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के विस्तार और बढ़ते यातायात दबाव के बीच एसडीएम कार्यालय से लालपुर तिराहा होते हुए सरोधा बांध तक सड़क चौड़ीकरण की बहुप्रतीक्षित योजना अब भी कागजों में ही अटकी हुई है। वर्षों पहले तैयार किया गया यह प्रस्ताव अब तक अमल में नहीं आ सका है, जिससे क्षेत्रवासियों के साथ-साथ पर्यटकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों किनारों की नापजोख भी की जा चुकी है। सड़क विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण अथवा मुआवजे की आवश्यकता भी नहीं है, क्योंकि अधिकांश हिस्सों में सरकारी भूमि उपलब्ध है। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर अवैध कब्जों और नहर लाइन की मौजूदगी के कारण योजना आगे नहीं बढ़ पा रही है।

वर्तमान में यह सड़क काफी संकरी है, जबकि लालपुर, सरोधा और आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। सड़क सिंगल होने के कारण दो बड़े वाहनों के आमने-सामने आने पर एक वाहन को सड़क से नीचे उतरना पड़ता है। कई बार यही स्थिति दुर्घटनाओं का कारण बनती है। बाइक सवारों के बीच भी टक्कर की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सरोधा बांध और भोरमदेव क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल माने जाते हैं। कवर्धा आने वाले पर्यटक भोरमदेव मंदिर दर्शन के बाद सरोधा बांध की ओर भी रुख करते हैं, लेकिन खराब और संकरी सड़क के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है।

पर्यटन सीजन और सावन माह में इस मार्ग पर यातायात का दबाव और अधिक बढ़ जाता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि भोरमदेव-छपरी से सरोधा बांध होते हुए कवर्धा तक सड़क चौड़ीकरण होने से एक बेहतर वैकल्पिक मार्ग विकसित होगा। इससे यातायात का दबाव कम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। लोगों ने शासन-प्रशासन से इस योजना को प्राथमिकता देते हुए जल्द कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है।



### नापजोख पूरी, फिर भी नहीं बढ़ी फाइल

सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। सड़क किनारे की भूमि का सर्वे और नापजोख भी हो चुका है। बावजूद इसके प्रस्ताव वर्षों से विभागीय फाइलों में अटका हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निर्णय लिया जाए तो कम लागत में इस मार्ग का विस्तार संभव है। बताया जाता है कि सिंगल होने के कारण दो बड़े वाहनों के आमने-सामने आने पर एक वाहन को सड़क से नीचे उतरना पड़ता है। कई बार यही स्थिति दुर्घटनाओं का कारण बनती है। बाइक सवारों के बीच भी टक्कर की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

### पर्यटन को मिल सकता है नया रास्ता

भोरमदेव मंदिर, सरोधा बांध और आसपास के प्राकृतिक स्थलों तक पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सड़क चौड़ीकरण होने पर पर्यटकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। साथ ही भोरमदेव-सरोधा-कवर्धा सर्किट विकसित होने से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिल सकता है।

# पोंड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग संपन्न

- स्वयंसेवकों को मिला राष्ट्र निर्माण का प्रशिक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) खंड बोड़ला का तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग 29 से 31 मई तक गायत्री गुरुकुल पोंड़ी में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में बोड़ला जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्वयंसेवकों ने सहभागिता कर शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

खंड कार्यवाह भुवन यादव ने बताया कि इस वर्ग का उद्देश्य स्वयंसेवकों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं समाज सेवा की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद स्वयंसेवक अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्र जागरण एवं सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। वर्ग के उद्घाटन सत्र में सह जिला कार्यवाह हलधर नाथ योगी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, उद्देश्य एवं कार्यपद्धति की जानकारी दी। वहीं समापन सत्र में दुर्ग विभाग के विभाग बौद्धिक प्रमुख राममुरारी यादव ने राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर विस्तार से विचार रखे।

इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह रवि वर्मा, विभाग व्यवस्था प्रमुख गोपाल चंद्रवंशी एवं समग्र ग्राम विकास जिला संयोजक कामदत्त गेंद्रे ने भी स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व निर्माण के साथ राष्ट्र उत्थान के कार्यों में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

वहीं समापन दिवस पर नगर भोज का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों एवं स्वयंसेवकों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। आयोजन के माध्यम से सामाजिक समरसता एवं आपसी सहयोग का संदेश दिया गया। वर्ग में जिला किसान कार्य प्रमुख ऋषिराज चंद्रवंशी, जिला गौ सेवा संवर्धन संयोजक उत्तरा वर्मा, खंड बौद्धिक प्रमुख अशोक निषाद, अमन पाली सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। प्रशिक्षण वर्ग के संचालन में शिक्षक दिलहरण साहू, गोविंद वर्मा, हेमलाल पटेल, भुवन वर्मा एवं गजानंद वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही पोंड़ी ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पंडरिया व पाण्डातराई नगर के विकास हेतु 2.98 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात



- विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से जनता की मांगों को मिला सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुशासन, विकास एवं जनसेवा की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई के लिए उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा कुल 2 करोड़ 98 लाख 48 हजार की राशि विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों हेतु स्वीकृत दी गई है।

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति से दोनों नगरों के विकास को नई गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। विदित हो की 9 जनवरी 2026 को पंडरिया नगर में आयोजित विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आगमन हुआ था। कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनता की सुविधाओं एवं पंडरिया विधानसभा के नगरीय निकायों के समुचित विकास हेतु विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों की मांग उनके समक्ष रखी, जिसके लिए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत 2 करोड़ एवं नगर पंचायत पाण्डातराई व इंदौरी के लिए 1-1 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की थी।

जिसके तहत उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा पूर्व में नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई थी और आज नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत 1 करोड़ 98 लाख 48 हजार एवं नगर पंचायत पाण्डातराई में विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों का सुनियोजित विकास निरंतर जारी है।

उन्होंने कहा कि पंडरिया नगर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के आगमन के दौरान क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं एवं विकास कार्यों की मांग उनके समक्ष रखी गई थी, जिसे संवेदनशीलता के साथ स्वीकार करते हुए उन्होंने पूर्व में नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी और आज नगर पालिका पंडरिया के लिए 1 करोड़ 98 लाख 48 हजार तथा नगर पंचायत पाण्डातराई के लिए 1 करोड़ की राशि स्वीकृत की है, जिससे जनता में हर्ष और जनविश्वास स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

### विकास, सेवा और सुशासन का नया अध्याय लिखा जा रहा है जिसका लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा

भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा की सरकार केवल घोषणाएं करने में विश्वास नहीं रखती, बल्कि जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का कार्य करती है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास, सेवा और सुशासन का नया अध्याय लिखा जा रहा है, जिसका लाभ प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। नगर पालिका पंडरिया में हाई मास्ट लाइट की स्थापना, सर्वसुविधायुक्त उद्यान निर्माण, किड्स प्ले एरिया जैसी सुविधाओं के विकसित होने से नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक वातावरण मिलेगा तथा बच्चों को खेल एवं मनोरंजन के लिए सुरक्षित व सर्वसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा। वहीं नगर पंचायत पाण्डातराई में मुक्ति धाम उन्नयन एवं सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण जैसे कार्य सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को नई दिशा देंगे।

### जनहित व नगर के विकास हेतु महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे ये विकास कार्य

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत नगर के मुख्य मार्गों में हाई मास्ट लाइट, किड्स प्ले एरिया सहित सर्व सुविधायुक्त उद्यान निर्माण, वार्ड क्रं. 09 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड (रौहा क्षेत्र) वार्ड क्रं. 10 पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड (मोतीपुर क्षेत्र) में एवं वार्ड क्रं. 14 संत रविदास वार्ड (कुबा क्षेत्र) में प्रकाश व्यवस्था हेतु कुल 1 करोड़ 98 लाख 48 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही नगर पंचायत पाण्डातराई में सर्व सुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण एवं पाण्डातराई में स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन हेतु कुल 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। पूर्व में नगर पंचायत इंदौरी में निकाय क्षेत्र अंतर्गत दुकानों के निर्माण, मांगलिक भवन निर्माण एवं मुक्ति धाम के उन्नयन हेतु कुल 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

# पंचायत भवन में आंगनबाड़ी का संचालन, दो नए भवनों की मांग

- खंडहर आंगनबाड़ी, पंचायत भवन में बचपन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिला मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत डबराभाट में आंगनबाड़ी केंद्र की बदहाल स्थिति नौनिहालों के भविष्य पर सवाल खड़े कर रही है। वर्षों पहले सारंगपुर खुर्द मार्ग पर निर्मित आंगनबाड़ी भवन अब जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो चुका है। भवन की दीवारों और छत में दरारें पड़ गई हैं, वहीं बरसात के दौरान छत से पानी टपकने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर खतरा बना रहता है।

भवन की खराब स्थिति को देखते हुए करीब एक वर्ष से आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन ग्राम पंचायत भवन में किया जा रहा है। हालांकि यह व्यवस्था भी बच्चों और कार्यकर्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। ग्राम डबराभाट की आबादी 1200 से अधिक है और आंगनबाड़ी केंद्र में 92 से ज्यादा बच्चों का पंजीयन दर्ज है। इतनी बड़ी संख्या के बावजूद गांव में केवल एक ही आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की संख्या को देखते हुए गांव में कम से कम दो आंगनबाड़ी केंद्रों की आवश्यकता है। पंचायत भवन के एक हिस्से में केंद्र संचालित होने से बच्चों को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पा रहा है। साथ ही पंचायत की बैठकों और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों के दौरान आंगनबाड़ी संचालन भी प्रभावित होता है, जिससे बच्चों की शिक्षा और पोषण संबंधी गतिविधियों पर असर पड़ता है।

### एक साल से इंतजार, नहीं हुई कोई पहल

ग्रामीणों का आरोप है कि जर्जर भवन की मरम्मत अथवा नए भवन निर्माण की मांग कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन के समक्ष रखी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। परिणामस्वरूप बच्चों को अस्थायी व्यवस्था में ही आंगनबाड़ी की सुविधाएं लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### 92 बच्चों पर एक केंद्र का बोझ

डबराभाट में 92 से अधिक बच्चों का पंजीयन होने के बावजूद केवल एक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। सीमित संसाधनों और जगह की कमी के कारण बच्चों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दो नए भवनों और अतिरिक्त केंद्र की स्वीकृति से बच्चों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।

### बरसात में बढ़ जाती है चिंता

पुराने आंगनबाड़ी भवन की छत और दीवारें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। बरसात के दिनों में पानी टपकने और भवन के किसी हिस्से के गिरने की आशंका बनी रहती है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र को पंचायत भवन में स्थानांतरित किया गया था, लेकिन स्थायी समाधान आज तक नहीं निकल पाया है।

## जन-जन के मन से जुड़ता राष्ट्र निर्माण का संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

कुण्डा मंडल के शक्ति केंद्र कोलेगांव अंतर्गत बूथ क्रमांक 228 में रविवार को ग्रामवासियों एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनभागीदारी और विकसित भारत-2047 के संकल्प जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी संतोष चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामाधार शर्मा, परमेश्वर साहू, डॉ. संतोष साहू, बूथ अध्यक्ष कृष्णा साहू, विकलेश साहू, गणेश साहू, रवि कुमार साहू, दशरथ साहू, उमेद साहू, राजेश्वर साहू, भूपेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### 1 से 30 जून तक खेत बचाओ अभियान आयोजित

**कवर्धा।** कृषि विभाग ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में हरी खाद के रूप में ढैंचा (सेसबेनिया)/मूंग के उपयोग की अपील की है। हरी खाद, ढैंचा/मूंग अपनाकर किसान प्रति हेक्टेयर दो से तीन बोरी यूरिया की बचत करने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। ढैंचा/मूंग एक दलहनी हरी खाद फसल है, जिसमें वायुमंडल से नाइट्रोजन ग्रहण कर उसे भूमि में स्थिर करने की अद्भुत क्षमता होती है। यही कारण है कि इसे प्राकृतिक नाइट्रोजन बैंक भी कहा जाता है। ढैंचा/मूंग के उपयोग से खेतों में जैविक कार्बन बढ़ता है, मिट्टी की संरचना सुधरती है और फसलों को आवश्यक पोषक तत्व स्वाभाविक रूप से उपलब्ध होते हैं। हरी खाद के रूप में ढैंचा/मूंग का उपयोग करने से प्रति हेक्टेयर लगभग 40 से 60 किलोग्राम नाइट्रोजन मिट्टी को प्राप्त होती है। इतनी मात्रा में नाइट्रोजन प्राप्त करने के लिए किसानों को सामान्यतः 90 से 130 किलोग्राम यूरिया का उपयोग करना पड़ता है। इस प्रकार ढैंचा/मूंग सीधे तौर पर दो से तीन बोरी यूरिया की बचत कर सकता है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




- नारा लेखन व पोस्टर प्रतियोगिता, तम्बाकू निषेध शपथ, जागरूकता रैली का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आचार्य पंथ श्री ग्रंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में तम्बाकू नियंत्रण समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक दीपक कुमार देवांगन ने की उन्होंने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन तम्बाकू नियंत्रण समिति संयोजक एवं एनएसएस महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे द्वारा किया गया। इस अवसर पर नारा लेखन एवं पोस्टर प्रतियोगिता, तम्बाकू निषेध शपथ, जागरूकता रैली एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।


छात्र-छात्राओं ने तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक पोस्टर एवं प्रभावशाली नारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर एनएसएस पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश चंदेल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल शर्मा, सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के वालंटियर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ, नशामुक्त एवं जागरूक समाज के निर्माण के संकल्प के साथ किया गया।

# श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ

- श्रीमद् भावगत महापुराण कथा श्रवण पान करने उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



नगर के हरिनाला स्थित तिवारी कॉम्प्लेक्स कवर्धा रोड में 1 से 9 जून तक संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जाएगा। तिवारी परिवार के तत्वाधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं को भागवत कथा श्रवण एवं धर्मलाभ का अवसर प्राप्त होगा।

आयोजकों ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा एवं पूर्वजों के आर्शीवाद से आयोजित इस मोक्षदायिनी कथा का विशेष महत्व है। पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा श्रवण को अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। इसी उद्देश्य से क्षेत्र के श्रद्धालुओं से परिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित कथा में शामिल होने की अपील की गई है। यह आयोजन स्व. खेदूप्रसाद तिवारी, स्व. श्रीमती चम्पाबाई तिवारी एवं स्व. दीपक तिवारी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। कथा व्यास के रूप में पं. भूषण उपाध्याय (मुंगेली) भागवत कथा का रसपान कराएंगे। यजमान के रूप में सुधांशु-अल्का चतुर्वेदी, नरेन्द्र-सरोज तिवारी एवं राहुल कृष्णा शास्त्री (नवागढ़) उपस्थित रहेंगे।

कथा के दौरान ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, श्रीरामावतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, सुदामा मिलन तथा श्रीकृष्ण-रुखमणी विवाह सहित विभिन्न आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

सोमवार को भव्य शोभायात्रा एवं वेदी पूजन के साथ कथा का शुभारंभ किया वहीं कथा का समापन 9 जून को गीता एवं तुलसी वर्षा, हवन, तर्पण तथा सहस्त्रधारा कार्यक्रम के साथ होगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने अपील किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युकां चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

**कवर्धा।** जिला कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस कबीरधाम द्वारा आगामी छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर मंगलवार 2 जून 2026 को सुबह 11 बजे जिला कांग्रेस भवन, कवर्धा में बैठक एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। आयोजकों के अनुसार बैठक में युवा कांग्रेस चुनाव की नामांकन प्रक्रिया, संगठनात्मक तैयारियों तथा चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस चुनाव के जोनल रीजनल ऑफिसर नरेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे और चुनाव प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करेंगे। जिला कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने युवा कांग्रेस के चुनाव में भाग लेने के इच्छुक सभी संभावित प्रत्याशियों से अपने समर्थकों एवं सहयोगियों के साथ अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक के बाद प्रेस वार्ता के माध्यम से चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की जाएंगी।

### परीक्षा परिणामों की गई की घोषणा

**कवर्धा।** सखी वन स्टॉप सेंटर में विभिन्न पद पर संविदा नियुक्ति के लिए 28 मई को केन्द्र प्रशासक, साईको सोशल काउंसलर, पैरामेडिकल कार्मिक, पैरालीगल कार्मिक व कार्यालय सहायक के पद पर कौशल परीक्षा हुई। इसका परिणाम जारी कर दिया गया है।

## समस्या: बढ़ते तापमान से सब्जी उत्पादन प्रभावित, भू-जल स्तर गिरा, जंगलों में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत

# अंचल में कुदरत से खिलवाड़, भीषण तपिश का दिखने लगा ट्रेलर, सूख रही सब्जी, मर रहे पक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पर्यावरण के साथ लगातार हो रहे खिलवाड़ का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। इस वर्ष जिस तरह देश, प्रदेश और कबीरधाम जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान भीषण गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाया है, उसे विशेषज्ञ भविष्य के बड़े संकट का संकेत मान रहे हैं। माना जा रहा है कि यदि शासन-प्रशासन और आम नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भयावह हो सकती है तथा लोगों का जीवन प्रभावित हो सकता है।

इस वर्ष कबीरधाम जिले में अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है, जबकि पिछले वर्षों में मई-जून के दौरान यह सामान्यतः 42 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता था। बढ़े हुए तापमान का असर केवल मानव जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण, पशु-पक्षियों और कृषि क्षेत्र पर भी व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि लगातार 44 डिग्री से अधिक तापमान रहने के कारण जिले के कई क्षेत्रों में भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है। अनेक नदी-नाले सूख चुके हैं।

इससे प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के सामने पेयजल और निस्तारी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। वहीं वन्यजीवों और पक्षियों को भी पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है। खेती-किसानी पर भी भीषण गर्मी का प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी सब्जी उत्पादक किसानों को झेलनी पड़ रही है। सहसपुर लोहारा, बोड़ला, कवर्धा और पंडरिया क्षेत्र के किसानों का कहना है कि इस बार की गर्मी ने उनकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। भू-जल स्तर नीचे चले जाने से कई ट्यूबवेल पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं, जिसके कारण खेतों और बाड़ियों में लगी हरी सब्जियों की फसल सूख रही है। विशेष रूप से पत्तेदार सब्जियां तेज धूप और पानी की कमी के कारण नष्ट हो चुकी हैं, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट आई है।



### बाजार में हरी सब्जियों की आवक घटी

भीषण गर्मी का असर कवर्धा के सब्जी बाजार में भी साफ दिखाई दे रहा है। इन दिनों पहले की तुलना में काफी कम किसान सब्जियां लेकर बाजार पहुंच रहे हैं। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार मई माह के मध्य से तापमान में तेजी से वृद्धि होने के कारण सब्जी फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। वर्तमान में केवल उन्हीं क्षेत्रों में सब्जी उत्पादन हो पा रहा है, जहां भू-जल स्तर अभी भी ट्यूबवेल की पहुंच में है। अन्य क्षेत्रों में पानी की कमी के कारण उत्पादन लगभग ठप हो गया है, जिससे बाजार में हरी सब्जियों की आवक कम हो गई है।



### भीषण गर्मी से सैकड़ों चमगादड़ों की मौत

भीषण गर्मी का असर वन्यजीवों और पक्षियों पर भी पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, पंडरिया ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर बदौरा के जंगलों में सैकड़ों मृत चमगादड़ पाए गए हैं। कुछ चमगादड़ों के शव पेड़ों की टहनियों पर लटके मिले, जबकि कई जमीन पर बिखरे पड़े थे। स्थानीय लोगों का मानना है कि अत्यधिक गर्मी और लू के थपेड़ों के कारण इन चमगादड़ों की मौत हुई है। क्षेत्र में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच चुका है। इसी तरह अन्य वन्यजीव और मवेशी भी गर्मी से प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें पर्याप्त हरा चारा और पानी नहीं मिल पा रहा है, जिसके लिए उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

### कुकदर के संकेतों को समझने में कहीं और देर न हो जाए

कबीरधाम जिले में इस वर्ष पड़ रही भीषण गर्मी ने पर्यावरणीय असंतुलन के गंभीर दुष्परिणामों को उजागर कर दिया है। बढ़ते तापमान के कारण जहां भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और पेयजल संकट गहराने लगा है, वहीं खेती-किसानी, विशेषकर सब्जी उत्पादन पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। दूसरी ओर वन्यजीवों और पक्षियों के सामने भी अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है, जिसका उदाहरण बदौरा जंगल में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत है। हालात संकेत दे रहे हैं कि यदि पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और वृक्षारोपण जैसे उपायों को प्राथमिकता नहीं दी गई तो आने वाले वर्षों में गर्मी का प्रकोप और अधिक गंभीर रूप ले सकता है तथा इसका व्यापक प्रभाव जनजीवन, कृषि और जैव विविधता पर पड़ सकता है।

# स.लोहारा नपं उप चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

## 82.40 प्रतिशत मतदताओं ने डाले वोट



### अब प्रत्याशियों व लोगों को 4 जून का इंतजार

नगर पंचायत स लोहारा में अध्यक्ष पद का उप चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न होने के बाद अब प्रत्याशियों के साथ मतदाताओं को 4 जून का इंतजार है जब मतगणना उपरांत चुनाव मैदान में दो-दो हांथ करने उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। मतगणना के बाद दोनो राजनैतिक दल भाजपा व कांग्रेस के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी-अपनी जीत का दावा करते नजर आ रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पूर्व निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 1 जून को जिले की नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के रिक्त पड़े अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया गया।

इस मतदान के बाद नगर पंचायत स. लोहारा के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे सत्ता रूढदल भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती सरिता संतोष मिश्रा, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी रोशन वैष्णव सहित अन्य चार निर्दलीय प्रत्याशियों का भाग्य अब ईव्हीएम में कैद हो चुका है।

जिसका फैसला अब पूर्व निर्धारित मतगणना तिथि 4 जून को मतगणना के उपरांत होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत स. लोहारा में 1 जून को अध्यक्ष पद के उप चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया सुबह 8.00 बजे से प्रारंभ की गई जो शाम 5.00 बजे तक चली। मतदान के लिए नगर पंचायत में बनाए गए कुल 15 मतदान केन्द्रों में सुबह के समय मतदाताओं ने काफी धीमी गति से मतदान किया।

जिसके चलते दोपहर 11.00 बजे तक कुल 646 पुरूष तथा 760 महिला मतदाता ही मतदान केन्द्रों तक पहुंची। दोपहर 01 बजे तक मतदाताओं ने कुछ जोश दिखाया और मतदान का प्रतिशत 58.89 पहुंच गया। जिसमें 1425 पुरूष तथा 1603 महिलाओं ने मतदान किया गया। इसी प्रकार दोपहर 03 बजे तक मतदान का प्रतिशत 71.31 दर्ज किया गया। शाम को मतदान का समय समाप्त होते-होते मतदान का प्रतिशत बढ़कर 82.40 प्रतिशत पहुंच गया। जिसमें 2066 पुरुष और 2171 महिला मतदाताओं सहित कुल 4237 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान पूरी तरह से शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ, तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते मतदान के दौरान कहीं से कोई अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है।

### ईवीएम बदलने का आरोप

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को मतदान तो शांति पूर्ण ढंग से निपट गया लेकिन जब मतदान के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम ले जाने की तैयारी की जा रही थी उस वक्त कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ईवीएम बदलने का आरोप लगाते हुए स्ट्रांग रूम के बाहर हंगामा खड़ा कर दिया। कांग्रेस का आरोप है कि नगर पंचायत सहसपुर लोहारा उपचुनाव में मतदान से पहले जिन ईवीएम मशीनों के नंबर उम्मीदवारों को उपलब्ध कराए गए थे, उनमें से 7- 8 मशीनों के नंबर मतदान के बाद मिलान के दौरान अलग दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा उम्मीदवार ने इसके स्पष्टीकरण व जांच की मांग की है।

# गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्रों में 10 दिन के अवकाश की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायक कल्याण संघ ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में 10 दिनों का अवकाश घोषित करने की मांग की है। इस संबंध में संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती भुनेश्वरी तिवारी के नेतृत्व में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के कारण अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजने से हिचक रहे हैं। वर्तमान में तापमान लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसके और अधिक बढने की संभावना है।

ऐसे में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के छोटे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में लंबे समय तक बैठना स्वास्थ्य की दृष्टि से जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है। संघ ने बताया कि जिले के अनेक आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्याप्त सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। कई केंद्रों में गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का अभाव है, जिससे बच्चों और कार्यकर्ताओं दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि भीषण गर्मी और लू के प्रभाव को देखते हुए वर्तमान में स्कूल और कॉलेजों में भी अवकाश घोषित किया जा चुका है। संघ ने मांग की है कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रो में कम से कम 10 दिनों का अवकाश घोषित किया जाए।




### आवश्यक विभागीय कार्य नहीं किए जाएंगे बंद: संघ

हालांकि, संगठन ने स्पष्ट किया है कि अवकाश अवधि के दौरान बच्चों को मिलने वाला सूखा राशन वितरण तथा पोषण ट्रैकर सहित अन्य आवश्यक विभागीय कार्य नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संघ पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि महिला एवं बाल विकास विभाग बच्चों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि बढ़ती गर्मी के बीच बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इसी उद्देश्य से यह मांग उठाई गई है।

# 3 माह से ग्रामीणों को नहीं मिला राशन, कलेक्टर से लगाई गुहार

- ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर की कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया तहसील के ग्राम पंचायत अमलीमलगी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन वितरण में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है।

गांव के कई हितग्राहियों ने कलेक्टर को शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि उन्हें पिछले तीन माह से राशन सामग्री नहीं मिली है, जबकि रिकॉर्ड में वितरण की प्रक्रिया पूरी दिखाए जाने की आशंका है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और लंबित राशन तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि जून माह के राशन वितरण के दौरान हितग्राहियों के फिंगरप्रिंट तो लिए गए, लेकिन उन्हें राशन नहीं दिया गया। इससे लोगों में यह आशंका पैदा हो गई है कि कहीं वितरण संबंधी रिकॉर्ड में गड़बड़ी तो नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि राशन दुकान में हर माह वितरण में देरी की जाती है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में राशन नहीं मिल रहा है। इसके अलावा पिछले दो माह से नमक और शक्कर का वितरण भी बंद बताया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिसके कारण उन्हें प्रशासन का दरवाजा खटखटाना पड़ा। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पूरी प्रक्रिया की जांच कराई जाए, वितरण रिकॉर्ड का सत्यापन किया जाए तथा जिन हितग्राहियों को राशन नहीं मिला है उन्हें शीघ्र खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए।

साथ ही अनियमितता पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। शिकायत के बाद अब अमलीमलगी के ग्रामीण प्रशासन की पहल और जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

# नपा के कचरा गोदाम में अज्ञात कारणों से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत कैलाश नगर में संचालित नगर पालिका के कचरा गोदाम में सोमवार की दोपहर अचानक भीषण आग लग गई।



बताया जाता है कि आसपास के लोगों ने गोदाम से काला धुंआ और आग की लपटें उठते देखी और इसकी जानकारी तत्काल नपा के दमकल अमले तथा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मसक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। हालांकि अभी तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि कचरा गोदाम आग कैसे लगी।

बताया जाता है कि इससे पूर्व यहां एक बार और भीषण आग लग चुकी है। लगातार आबादी क्षेत्र में हो रही इस तरह की अग्नी दुर्घटना से लोगों में दहशत देखी जा रही है।

## समूह से मिली आर्थिक सहायता और मेहनत ने दिलाई नई पहचान

# रानी बनीं गांव की सफल महिला व्यवसायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिलाएं यदि ठान लें तो अपनी मेहनत से जीवन की दिशा बदल सकती हैं। कभी परिवार का खर्च चलाने के लिए मजदूरी करने वाली रानी यादव आज अपने गांव में आत्मनिर्भर महिला के रूप में पहचान बना चुकी हैं।

स्व-सहायता समूह से मिली मदद और अपनी मेहनत के बल पर उन्होंने मुर्गी पालन व्यवसाय शुरू किया, जिससे उनकी आय में कई गुना बढ़ोतरी हुई। अब वे दूसरी महिलाओं को भी रोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर की रहने वाली श्रीमती रानी यादव जय मां शारदा स्व-सहायता समूह की सचिव हैं। समूह से जुड़ने से पहले रानी यादव का जीवन काफी कठिनाइयों भरा था। परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए उन्हें मजदूरी और खेती पर निर्भर रहना पड़ता था। खेती और मजदूरी से सालाना आय लगभग 35 हजार रुपये ही थी, जिससे घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता था। इसी दौरान रानी यादव जय मां शारदा स्व-सहायता समूह से जुड़ीं। समूह की बैठकों और प्रशिक्षण के दौरान उन्हें स्वरोजगार और बचत के बारे में जानकारी मिली। समूह के माध्यम से उन्हें आर्थिक सहायता भी प्राप्त हुई। रानी यादव को चक्रीय निधि से 5 हजार रुपये, सीआईएफ से 60 हजार रुपये और बैंक ऋण से 1 लाख रुपये की सहायता मिली। मिली हुई राशि से रानी यादव ने मुर्गी पालन का व्यवसाय शुरू किया।

शुरुआत में उन्होंने छोटे स्तर पर काम शुरू किया, लेकिन मेहनत और लगन से धीरे-धीरे उनका व्यवसाय बढ़ने लगा। आज रानी यादव की आय पहले से कई गुना बढ़ चुकी है। खेती से लगभग 30 हजार रुपये, मुर्गी पालन व्यवसाय से करीब 1 लाख 60 हजार रुपये और मजदूरी से लगभग 20 हजार रुपये की आय हो रही है। इस तरह अब उनके परिवार की कुल वार्षिक आय लगभग 2 लाख 10 हजार रुपये तक पहुंच गई है।

### स्व-सहायता समूह से जुड़ने से आया बदलाव



रानी यादव बताती हैं कि स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब वे आत्मनिर्भर बन चुकी हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है। उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे गांव की दूसरी महिलाओं को भी समूह से जुड़कर अपना रोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# नगर के वार्ड में बीच सड़क पर बोर खनन को लेकर विवाद, लोगों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 09 में बीच सड़क पर कराए गए बोर खनन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि कुछ निजी व्यक्तियों द्वारा सड़क पर बोर खनन कराया गया, जिसका वार्डवासियों ने विरोध किया, लेकिन इसके बावजूद कार्य जारी रखा गया।



मामले को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। मोहल्लेवासियों का कहना है कि बोर खनन कार्य एक निजी बोरिंग वाहन के माध्यम से कराया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि कार्य में शामिल व्यक्तियों ने सत्ता पक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों का नाम लेकर विरोध को नजरअंदाज किया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, सार्वजनिक मार्ग पर इस तरह का खनन किए जाने से आम लोगों में नाराजगी है और इसकी वैधता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

विरोध के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति ने बोर खनन कार्य बंद कराने की मांग की। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा धक्का-मुक्की की स्थिति भी निर्मित हुई। घटना के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में असंतोष देखा गया। देर रात बड़ी संख्या में वार्डवासी मौके पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे और बोरिंग वाहन का घेराव किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद कार्य को तत्काल नहीं रोका गया। अब इस पूरे मामले की कवर्धा अनुविभागीय अधिकारी से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है।